# मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड, भोपाल अंतर्गत आंचलिक कार्यालयों के संयुक्त संचालक/उप संचालक/कार्यपालन यंत्री/सहायक यंत्री तथा प्रदेश की संभागीय कृषि उपज मंडी समितियों के मंडी सचिवों के साथ दिनांक 11/08/2025 को आयोजित समय-सीमा बैठक का कार्यवाही विवरण

--oo--

मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड, भोपाल में प्रबंध संचालक सह आयुक्त की अध्यक्षता में समस्त आंचलिक कार्यालयों के संयुक्त संचालक/उपसंचालक/कार्यपालन यंत्री/सहायक यंत्री तथा प्रदेश की संभागीय कृषि उपज मंडी समितियों के मंडी सचिवों के साथ मंडी बोर्ड मुख्यालय के सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक दिनांक 11-08-2025 प्रातः काल 10:30 बजे से आयोजित की गई। बैठक में मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड, मुख्यालय के संयुक्त संचालक, उप संचालक, सहायक संचालक, आंचलिक कार्यालयों से संयुक्त/उप संचालक एवं तकनीकी कार्यालयों से कार्यपालन /सहायक यंत्री तथा संभागीय मंडी समितियों के मंडी सचिव उपस्थित रहे। बैठक में निम्नलिखित बिंदुओं पर चर्चा की गई:-

- नवीन पदस्थापना अंतर्गत मंडी बोर्ड आंचलिक कार्यालय भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर में राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को मंडियों को बेहतर ढंग से संचालित करने के साथ आय-आवक की समीक्षा एवं मंडी समितियों की आय बढाने के संबंध में प्रयास के साथ-साथ मंडी टैक्स की चोरी रोकने तथा मंडियों की आय बढाने के नवाचार एवं मंडियों के अंदर किसानों को दी जाने वाली सुविधाओं जैसे:- पेयजल, शौचालय एवं मंडियों के अंदर साफ-सफाई व्यवस्था, मंडी की भीतर सड़कों की गुणवत्ता, मंडियों के भीतर वाहन के आवागमन की सुदृढ व्यवस्था, निरीक्षण की कार्यवाही का कार्य प्राथमिक स्तर पर किए जाने के निर्देश हैं।

- भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर के आंचलिक संयुक्त संचालक पिछले 8 से 10 समय-सीमा बैठकों का कार्यवाही विवरण, मासिक समीक्षा बैठकों के कार्यवाही विवरण की समीक्षा करें एवं जो निर्देशित कार्य समय-सीमा बैठकों /मासिक समीक्षा बैठकों में दिए गए हैं उन कार्यों की समीक्षा करें एवं अधीनस्थों से उसकी प्रगति की जानकारी लें साथ ही समय-सीमा में कार्य पूर्ण कराएं।

- समस्त तकनीकी संभाग के कार्यपालन यंत्री/सहायक यंत्री निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखेंगे एवं कार्य की गुणवत्ता निम्न स्तर होने पर संबंधित अधिकारी एवं निर्माता की जिम्मेदारी तय की जाएगी।

- संयुक्त संचालक भोपाल संभाग को मंडी समिति विदिशा में शेडो पर अतिक्रमण की स्थिति को ठीक कराने के निर्देश हैं।

- संयुक्त संचालक जबलपुर संभाग कटनी मंडी का ऑडिट कार्य पूर्ण कराएं एवं आवश्यकता होने पर उक्त कार्य के लिए ऑउटसोर्स से कर्मचारी कार्य के लिए रखें।

- संयुक्त संचालक सागर/कार्यपालन यंत्री तकनीकी संभाग सागर, सागर मंडी अंतर्गत ग्रेडिंग/शार्टिंग मशीन के कार्य की अद्यतन स्थिति मुख्यालय प्रेषित करें।

- सी.एम.हेल्पलाईन शिकायतों अनावश्यक रूप से लंबित नहीं रखते हुए प्राथमिकता में कार्यवाही करने के निर्देश हैं।

- समस्त आंचलिक संयुक्त संचालक ए.आई.एफ अंतर्गत जिओ-मैपिंग का कार्य 15 दिवस में पूर्ण कराएं।

- आंचलिक संयुक्त संचालक मासिक समीक्षा बैठकों के पालन प्रतिवेदन समय-सीमा पूर्व मुख्यालय भेजना सुनिश्चित करेंगे।

- समस्त आंचलिक संयुक्त संचालक ई-मंडी अंतर्गत कार्यों की मॉनिटरिंग प्रतिदिन करें आवश्यकता होने पर मुख्यालय की एम.आई.एस/ आई.टी.शाखा से समन्वय करें।

- समय-सीमा में अंकित पत्रों पर कार्यवाही कर अद्यतन स्थिति प्रस्तुत करने के निर्देश हैं।

धन्यवाद ज्ञाप के साथ बैठक का समापन किया गया।

(कुमार पुरूषोत्तम)
आयुक्त सह प्रबंध संचालक
म0प्र0राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

पृ.क्र./बोर्ड/समन्वय/समय-सीमा/अगस्त/2251 भोपाल, दिनांक 13/08/2025

प्रतिलिपिः- सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1. निज सहायक, प्रबंध संचालक, म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड, भोपाल।
2. अपर संचालक म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड, भोपाल।
3. संयुक्त संचालक/अधीक्षण यंत्री, म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड, भोपाल।
4. उपसंचालक / कार्यपालन यंत्री/ सहायक संचालक / सहायक यंत्री (समस्त) म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड, भोपाल।
5 कार्यपालन यंत्री/सहायक यंत्री म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड, तकनीकी संभाग (समस्त))।
6. सचिव, कृषि उपज मंडी समिति (समस्त) मध्यप्रदेश।

सहायक संचालक (समन्वय)
म0प्र0राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल